[redacted]

संख्या–724/79–5–2006–43/06

प्रेषक,

जे0एस0दीपक,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,
उ0प्र0 निशातगंज, लखनऊ।

2. शिक्षा निदेशक (बे0),
उ0प्र0, निशातगंज,
लखनऊ।

शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊः दिनांक 18 मार्च, 2006

**विषयः उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू शिक्षण की प्रवीणता रखने वाले शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में उर्दू विषय में प्रवीणता रखने वाले सहायक अध्यापकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत सहायक अध्यापक के बड़ी संख्या में रिक्त पदों में से 5000 पदों को व्यावर्तित करते हुए श्री राज्यपाल द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उक्त पदों हेतु स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थियों को दो वर्षीय बी.टी.सी. उर्दू के विशेष प्रशिक्षण के आयोजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है। तदनुसार जनपदवार रिक्तियों/पदों का विवरण/सूची संलग्न है।

2. उपरोक्तानुसार अभ्यर्थियों के चयन हेतु निम्नानुसार प्रक्रिया अपनाई जायेगी–

1– चयन समिति का गठन–

प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपदवार चयन समिति गठित की जायेगी, जिसमें सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सदस्य होगें तथा डायट के प्राचार्य, सदस्य सचिव होगें। जनपद स्तरीय समिति द्वारा चयन से संबंधित समस्त कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

2– शैक्षिक अर्हता–

जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा जनपद के दो प्रमुख समाचार–पत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार के माध्यम से स्नातक उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थियों से आवदेन–पत्र मांगे जायेंगे जिन्होंने–

(अ) हाई स्कूल एवं इण्टर की दोनों परीक्षाओं में उर्दू विषय के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की हो। अथवा,

(ब) ऐसे अभ्यर्थी भी आवेदन हेतु अर्ह होंगे जिन्होंने हाई स्कूल, एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही पृथक से उर्दू विषय से उक्त परीक्षाएं उत्तीर्ण की हो, अथवा,

(स) उर्दू प्रवीणता के संबंध में ऐसे अभ्यर्थियों से भी आवेदन पत्र प्राप्त किये जाएंगे जिन्होंने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के साथ पृथक से माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा राज्य सरकार द्वारा समकक्ष घोषित प्रवीणता से संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण की हो (उदाहरणार्थ जामिया उर्दू अलीगढ़ की अदीब एवं अदीब–ए– माहिर जो कमशः हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट स्तर के एक विषय उर्दू की समकक्षता मान्य है) ।

3– <u>अधिवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता</u>–

शासनादेश संख्या–750/15–(2)/98–1499(77)/97टी0सी0, दिनांक 19 मई, 1998 के प्राविधानानुसार, ऐसे अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र होगें जो उसी जनपद के निवासी हो, जहॉ प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर रहे हों। यह जनपद का अधिवास प्रमाण–पत्र चयन होने के उपरान्त प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त माना जाएगा।

4– <u>निर्धारित शुल्क</u>–

बी0टी0सी0 उर्दू के द्विवर्षीय विशेष प्रशिक्षण हेतु आवेदन शुल्क रू 50/– होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए यह शुल्क रू. 20/– होगा। उक्त शुल्क सम्बन्धित जनपद के प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के पद नाम से बैंक ड्राफ्ट द्वारा देय होगा।

5– <u>अभ्यर्थियों से आमंत्रित आवेदन</u>–

अभ्यर्थियों से आमंत्रित आवेदन–पत्र के निर्धारित प्रारूप में ही समस्त आवश्यक सूचनाएं मांगी जायेगी । उक्त प्रारूप में अभ्यर्थियों की ओर से अंकित विवरण की सत्यता के सम्बन्ध में यह घोषणा शपथ–पत्र के रूप में प्राप्त किया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी की ओर से यह अन्डरटेकिंग दी जायेगी कि यदि अंकित विवरण असत्य पाये जायेंगे तो न केवल उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, अपितु उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

आवदेनकर्ताओं को यह भी घोषणा आवेदन–पत्र में करनी होगी कि जो विवरण उन्होंने आवेदन पत्र में अंकित किये हैं उनसे सम्बन्धित प्रमाण–पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व उनके पास उपलब्ध हैं। आवेदन–पत्र प्रेषित करने के दिनांक के बाद के निर्गत प्रमाण–पत्र/अंक पत्र मान्य न होंगे।

7– <u>निर्धारित आयु</u>–

बी0टी0सी0 उर्दू के द्विवर्षीय विशेष प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई, 2005 को न्यूनतम 18 वर्ष की होनी चाहिए और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों एवं भूतपूर्व सैनिकों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों तथा विकलागों की स्थिति में आयु सीमा में नियमानुसार

शिथिलता प्रदान की जाएगी । अक्षम/विकलांग अभ्यर्थियों के बारे में अधिकतम आयु सीमा 10 वर्ष शिथिलनीय होगी।

8– चयन का मानदंड–

(1) जनपदवार आवंटित/उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष 50 प्रतिशत महिलाओं एवं 50 प्रतिशत पुरूषों का चयन किया जायेगा ।

(2) प्रशिक्षणार्थियों/अभ्यर्थियों के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट व स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत के योग के आधार पर जनपद स्तरीय श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी।

(3) चयनित होने वाले अभ्यार्थियों की श्रेष्ठता सूची निम्नानुसार तैयार की जायेगी:–

अ– गुणांकों का निर्धारण हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत के आधार पर किया जाय।

ब– अदीब एवं अदीब–ए–माहिर उपाधि को क्रमशः हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में एक विषय उर्दू के समकक्ष मानते हुए इन उपाधियों को केवल प्रवीणता के रूप में ग्राह्य किया जाय।

स– ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक की अर्हता प्राप्त न की हो और इनके स्थान पर केवल अदीब, अदीब–ए–माहिर एवं अदीब–ए–कामिल की उपाधि प्राप्त की हो, उनके अभ्यर्थन पर विचार न किया जाय।

द– यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही एक विषय उर्दू से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की गयी है अथवा इनके स्थान पर अदीब एवं अदीब–ए–माहिर की उपाधि प्राप्त की गयी है, तो ऐसे अभ्यर्थी के मामले में उर्दू विषय के प्राप्तांक अथवा अदीब एवं अदीब–ए–माहिर की परीक्षा के प्राप्तांकों का गुणांकों के निर्धारण में उपयोग नहीं किया जायेगा अपितु इन अर्हताओं की ग्राह्यता केवल प्रवीणता के रूप में होगी।

(4) उपरोक्तानुसार अनन्तिम रूप से तैयार की गयी श्रेष्ठता सूची में उल्लिखित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों की संबंधित संस्था से सत्यापन कराये जाने के उपरान्त अन्तिम चयनित सूची जारी की जाएगी।

(5) अभ्यर्थियों द्वारा द्विवर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरान्त इनकी परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त किया जायेगा।

9–आरक्षण–

अभ्यर्थियों के चयन में चयन की तिथि को राज्य सरकार की विद्यमान आरक्षण नीति के अनुसार प्रदेश की विभिन्न जातियों/वर्गों को अनुमन्य आरक्षण देय होगा यथा –

(अ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के आरक्षण हेतु प्रदेश शासन की नीति के अनुसार व्यवस्था की जायेगी।

(ब) विकलांगों का 3 प्रतिशत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों का 2 प्रतिशत तथा भूतपूर्व सैनिकों का 5 प्रतिशत कोटा उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) अधिनियम 1999 के अनुसार होगा। इन आरक्षित रिक्तियों के प्रति चयनित अभ्यर्थियों को उन श्रेणियों में रखा जायेगा जिससे वे सम्बन्धित हैं।

10– मानदेय–

प्रदेश शासन द्वारा निर्दिष्ट के प्रति बी0टी0सी0 उर्दू के द्विवर्षीय विशेष प्रशिक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में रु. 2500/– की छात्रवृत्ति (स्टाईपेण्ड) प्रतिमाह देय होगी।

3. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, लखनऊ द्वारा (I) विज्ञापन का प्रारूप (II) चयन के सम्बन्ध में समय–सारिणी (III) चेक–लिस्ट (IV) अभ्यर्थियों से मांगे जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारूप आदि का निर्धारण करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अपने स्तर से सभी सम्बन्धित को उपलब्ध कराया जायेगा।

4. कृपया उपरोक्तानुसार अपेक्षित कार्यवाही अविलम्ब सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराया जाये।

भवदीय,

18/3/06

( जे0एस0दीपक )
सचिव।

संख्या–724(1)/79–5–2006 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी उ0प्र0।
4. निदेशक, उर्दू, उ0प्र0 लखनऊ।
5. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद।
6. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
7. समस्त मण्डलीय सहायक निदेशक, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0।
8. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
9. समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान उ0प्र0।
10. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
11. रजिस्ट्रार, विभागीय परीक्षायें उ0प्र0 इलाहाबाद।
12. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–11/नियोजन अनुभाग–4।

आज्ञा से,

शासनादेश संख्या-724/79-5-2006-43/2006, दिनांक मार्च, 2006 का संलग्नक ।

| मण्डल का नाम | जनपद का नाम | जनपद वार प्रस्तावित पद | मण्डल का नाम | जनपद का नाम | जनपद वार प्रस्तावित पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 1 | 2 | 4 |
| मेरठ | मेरठ | 125 | आगरा | आगरा | 40 |
| | बागपत | 95 | | फिरोजाबाद | 40 |
| | बुलन्दशहर | 125 | | मैनपुरी | 40 |
| | गाजियाबाद | 125 | | अलीगढ़ | 125 |
| | गौतमबुद्धनगर | 40 | | एटा | 40 |
| | योग | 510 | | हाथरस | 40 |
| बरेली | बरेली | 125 | | मथुरा | 40 |
| | बदायूं | 125 | | योग | 365 |
| | पीलीभीत | 125 | इलाहाबाद | इलाहाबाद | 125 |
| | शाहजहांपुर | 125 | | फतेहपुर | 40 |
| | योग | 500 | | प्रतापगढ़ | 40 |
| वाराणसी | वाराणसी | 40 | | कौशाम्बी | 40 |
| | चन्दौली | 40 | | योग | 245 |
| | गाजीपुर | 40 | मिर्जापुर | मिर्जापुर | 40 |
| | जौनपुर | 40 | | सोनभद्र | 40 |
| | योग | 160 | | संतरविदासनगर | 40 |
| लखनऊ | लखनऊ | 125 | | योग | 120 |
| | हरदोई | 40 | गोरखपुर | गोरखपुर | 40 |
| | सीतापुर | 125 | | देवरिया | 125 |
| | रायबरेली | 40 | | कुशीनगर | 95 |
| | उन्नाव | 40 | | महराजगंज | 40 |
| | लखीमपुर | 40 | | योग | 300 |
| | योग | 410 | झांसी | झांसी | 40 |
| बस्ती | बस्ती | 40 | | ललितपुर | 40 |
| | संतकबीरनगर | 40 | | जालौन | 40 |
| | सिद्धार्थनगर | 125 | | हमीरपुर | 40 |
| | योग | 205 | | योग | 160 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चित्रकूट | चित्रकूट | 40 | | फैजाबाद | फैजाबाद | 40 |
| | बांदा | 40 | | | बाराबंकी | 125 |
| | महोबा | 40 | | | सुल्तानपुर | 40 |
| | योग | 120 | | | अम्बेडकरनगर | 40 |
| देवीपाटन | गोण्डा | 95 | | | योग | 245 |
| | बलरामपुर | 125 | | मुरादाबाद | मुरादाबाद | 125 |
| | बहराइच | 125 | | | रामपुर | 125 |
| | श्रावस्ती | 40 | | | बिजनौर | 125 |
| | योग | 385 | | | ज्योतिबाफूलेनगर | 95 |
| कानपुर | कानपुरनगर | 40 | | | योग | 470 |
| | कानपुरदेहात | 40 | | आजमगढ़ | आजमगढ़ | 125 |
| | इटावा | 95 | | | बलिया | 40 |
| | औरैया | 40 | | | मऊ | 95 |
| | फर्रुखाबाद | 40 | | | योग | 260 |
| | कन्नौज | 40 | | सहारनपुर | सहारनपुर | 125 |
| | योग | 295 | | | मुजफ्फरनगर | 125 |
| | | | | | योग | 250 |

19/1/06

(जे०एस० दीपक)

सचिव

रखी जाय।
आवेदनपत्र का प्रारूप निम्नवत है।

रामआसरे
प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सुमेरपुर (हमीरपुर)

## दो वर्षीय बी.टी.सी. उर्दू विशेष प्रशिक्षण हेतु आवेदन-पत्र

(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ-साफ भरा जाय। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाणपत्र के अनुसार लिखी जाए। क्रमांक 7, 8 तथा 9 में संबंधित कोड सामने ब्लाक में उल्लिखित किया जाय।)

(क्रमांक-10, 11 एवं 12 में जो संबंधित हो वही भरा जाए। शेष असंबंधित को काट दिया जाए।)

1. अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)........................................
अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम
(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में)

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी की पासपोर्ट साइज की स्वप्रमाणित फोटो चिपकाई जाए। हस्ताक्षर इस प्रकार से किए जाएं कि हस्ताक्षर का आधा भाग फोटो पर एवं आधा आवेदन पत्र पर हो।

2. पिता का नाम (हिन्दी में)........................................
3. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)........................................
4. गृह जनपद का नाम........................................
5. पत्र व्यवहार का पता........................................
6. टेलीफोन नं. (एसटीडी कोड सहित)........................ मोबाइल नं....................
7. लिंग कोड........................................
(महिला-1, पुरुष-2)
8. जाति आरक्षण कोड........................................
(सामान्य वर्ग-1, अनुसूचित जाति-2, अनुसूचित जनजाति-3, अन्य पिछड़ी जाति-4)
9. विशेष आरक्षण कोड........................................
(विकलांग दृष्टिबाधित-5, विकलांग श्रवणहास-6, विकलांग चलन क्रिया संबंधी नि:शक्तता-7, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित-8, भूतपूर्व सैनिक (स्वयं)-9)

10. अभ्यर्थी के प्राप्तांक का विवरण

| परीक्षा | बोर्ड/वि.वि. | वर्ष | अनुक्रमांक | समस्त विषयों के नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इंटरमीडिएट | | | | | | |
| बी.ए./बीएस-सी/बी.काम. अथवा विधि द्वारा स्थापित वि.वि. से कोई अन्य स्नातक डिग्री | | | | | | |

11. हाईस्कूल/इंटरमीडिएट स्तर पर अतिरिक्त विषय (उर्दू) का विवरण

| क्र. सं. | परीक्षा | बोर्ड/वि.वि. | वर्ष | अनुक्रमांक | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2. | इंटरमीडिएट | | | | | | |

12. उर्दू प्रवीणता संबंधित परीक्षा का विवरण

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | संस्था का नाम | वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अदीब, जामिया उर्दू अलीगढ़ | | | | | |
| 2. | अदीब-ए-माहिर, जामिया उर्दू अलीगढ़ | | | | | |

13. बैंक ड्राफ्ट का विवरण-

| बैंक एवं शाखा का नाम | बैंक ड्राफ्ट नं. तथा दिनांक | बैंक ड्राफ्ट की धनराशि |
|---|---|---|
| | | |

## घोषणा

मैं शपथपूर्वक अभिकथन करता/करती हूं कि उपरोक्त विवरण सत्य है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जांचोपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर संबंधित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा अभ्यर्थन निरस्त करने तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा। आवेदन-पत्र के क्रमांक 1 से 12 तक अंकित सूचनाओं से संबंधित मूल प्रमाणपत्र/अंकपत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र प्रेषित करने की दिनांक के बाद का कोई भी प्रमाणपत्र/अंकपत्र प्रस्तुत करने पर उसको अमान्य करने/विज्ञप्ति की शर्तों को पूरा न करने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन स्वत: निरस्त समझा जाए।

दिनांक-

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का हस्ताक्षर

गृह जनपद का नाम..................

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम.....

K-114243